# स्वास्थ्य दल (Health Team)

**स्वास्थ्य वल से आप क्या समझते हैं? स्वास्थ्य दल के सदस्यों के कार्य क्या-क्या हैं?**

## What do you understand with health team. What are the functions of members of health team?

उत्तर- स्वास्थ्य दल (Health Team) दो या दो से अधिक सदस्यों का समूह जो कि समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के नियोजन (planning) एवं क्रियान्वयन (implementation) हेतु एक-दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखते हुए कार्य करता है. स्वास्थ्य दल कहलाता है।

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वास्थ्य दल में कई सदस्य शामिल होते हैं जैसे चिकित्सक, नर्स ग्रेड-प्रथम, नर्स ग्रेड-द्वितीय, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता. पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जन स्वास्थ्य नर्स, लैब टैक्नीशियन, एक्स-रे टैक्नीशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, स्वीपर आदि। हालाँकि अलग-अलग स्तर पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर स्वास्थ्य दल में सदस्यों के प्रकार एवं संख्या भिन्न-भिन्न हो सकती हैं।

स्वास्थ्य दल के विभिन्न सदस्यों के कार्य (Functions of Members of Health Team) स्वास्थ्य दल के सदस्यों के कार्य निम्नलिखित हैं-

1. स्वास्थ्य दल के प्रत्येक सदस्य को कोई न कोई कार्य आवंटित होता है जिसे पूर्ण करने के लिए वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होता है।

2. स्वास्थ्य दल के सदस्यों के कार्यों का निर्धारण मुख्य रूप से स्वास्थ्य दल में उनकी योग्यता पर निर्भर करता है।

3 . दल का नेता आवश्यकतानुसार सदस्यों की जिम्मेदारियों में परिवर्तन कर सकता है।

4. दल के सभी सदस्य निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अपने कार्यों का संगठन करते हैं।

5. कार्यों के बेहतर ढंग से निष्पादन हेतु दल का लीडर अपने सदस्यों का उचित मार्गदर्शन करता है तथा उन्हें आवश्यक जानकारी देता है। वह उनके कार्यों का मूल्यांकन भी करता है।

6. दल के सभी सदस्य कार्य के दौरान संपादन हेतु एक-दूसरे का सहयोग करते हैं तथा दल-भावना (team sprit) के साथ कार्य करते हैं।

स्वास्थ्य दल नेता के कार्य (Function of Health Team Leader) स्वास्थ्य दल का एक मुखिया होता है. वह अपने दल को संगठित बनाए रखने के लिए और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निम्न कार्य करता है-

1. अपने दल को अनुशासित रखता है।

2. सदस्यों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करता है।

3. दल के सदस्यों के बीच में आपसी सहयोग और समन्वय को बनाए रखता है।

4. दल में दलगत भावना व सदस्यों के मान-सम्मान को बनाए रखता है।

5. दल के प्रत्येक सदस्य को उसकी योग्यतानुसार कार्यों का बँटवारा करता है।

6. आवश्यकता पड़ने पर उचित निर्णय भी लेता है।

7. अपने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

Answer- Health Team is a group of two or more members who work with a cooperative attitude towards each other for planning and implementation of better health services to the community. Is called health team.

For better health services, the health team includes many members like doctors, nurses grade-I, nurses grade-II, female health workers. Male Health Workers, Public Health Nurses, Lab Technicians, X-Ray Technicians, Class IV Employees, Sweepers etc. However, the type and number of members in the health team may vary depending on the health services provided at different levels.

Functions of Members of Health Team: Following are the functions of members of health team:

1. Every member of the health team is allotted some work for which he is personally responsible for completing.

2. Determining the tasks of the health team members mainly depends on their qualifications in the health team.

3, The team leader can change the responsibilities of the members as needed.

4. All the members of the team organize their work to achieve certain objectives.

5. For better execution of tasks, the team leader guides his members properly and gives them necessary information. He also evaluates their works.

6. All the members of the team cooperate with each other for editing during the work and work with team spirit.

Function of Health Team Leader: There is a head of the health team. To keep his team organized and achieve the objectives, he does the following:

1. Keeps his team disciplined.

2. Listens to the problems of the members and solves them.

3. Maintains mutual cooperation and coordination among team members.

4, Maintains team spirit and respect of members in the party.

5. Distributes tasks to each member of the team according to his ability.

6. Also takes appropriate decisions when necessary.

7. Submits reports to his superiors.

**जिला जन-स्वास्थ्य नर्स से आप क्या समझते हैं? इसके कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**What do you understand with district public health nurse. Describe its functions.**

**अथवा**

**जिला जन-स्वास्थ्य परिचारिका के कोई भी छः कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**Write about any six functions of district public health nurse.**

**उत्तर-** जिला जन स्वास्थ्य नर्स (District Public Health Nurse) जिला जन स्वास्थ्य नर्स संपूर्ण जिले में नर्सिंग सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु उत्तरदायी होती है वह जिले भर में बेहतर नर्सिंग सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न प्रशासकीय (administrative), प्रबंधकीय (managerial) तथा सुपरवाइजरी (supervisory) कार्यों का निर्वहन करती है।

जिला जन स्वास्थ्य नर्स के कार्य (Functions of District Public Health Nurse) जिला जन स्वास्थ्य नर्स द्वारा संपादित किए जाने वाले मुख्य कार्य निम्न हैं-

1. वह जिले भर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की क्रियान्वयन सुनिश्चित करती है।

2. वह जिले भर में कार्यरत सभी नर्सिंग कर्मियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों के सुपरविजन एवं मूल्यांकन का कार्य करती है।

3. वह जिले भर में कार्यरत सभी नर्सिंग कर्मियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्रदान करती है।

4. वह जिला स्तर पर होने वाली नर्सिंग संबंधित विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं, पदोन्नति आदि में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सहायता करती है।

5. वह जिले में नर्सिंग सेवाओं एवं नर्सिंग शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहती है।

6. वह नर्सिंग संबंधित नीतियों को जिले में लागू करने के लिए उत्तरदायी होती है।

7. वह विभागीय अधिकारियों की नर्सिंग सेवाओं संबंधी बजट तैयार करने तथा आर्वोटत बजट को निर्धारित समय सीमा में एवं बजट शीर्षकों के तहत् खर्च करने में सहायता करती है।

8. वह सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा लाभकारी स्वास्थ्य योजनाओं का जिले में प्रभावी संचालन सुनिश्चित करती है।

9. वह जिले भर में कार्यरत विभिन्न नर्सिंग शिक्षा संस्थानों जैसे जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र, ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र, जिला प्रशिक्षण केन्द्र को सुचारू रूप से संचालन हेतु इनका समय-समय पर निरीक्षण करती है तथा इनके प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करती है।

10. वह स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में उत्तरोत्तर प्रगति हेतु तथा उनमें आधुनिकता लाने के उद्देश्य से नर्सिंग संबंधी अनुसंधान (research) कार्यों को बढ़ावा देती है।

11. वह जिले भर में बेहतर नर्सिंग सेवाओं का क्रियान्वयन करने के लिए आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करती है।

13. वह नर्सिंग सेवाओं को अधिक गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए अन्य संबंधित क्षेत्रों के साथ समन्वय स्थापित करती है।

14. वह जिले में कार्यरत सभी नर्सिंग कर्मियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर अपनी गतिविधियाँ संपादित करने के लिए प्रेरित करती है। अनुशासन तोड़ने पर वह उनके विरूद्ध आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करती है।

15. वह जिले में बेहतर नर्सिंग सेवाओं के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कार्यरत सभी नर्सिंग कर्मियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दल भावना (team sprit) के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

Answer- District Public Health Nurse is responsible for the smooth operation of nursing services in the entire district. She is responsible for various administrative, managerial tasks for the implementation of better nursing services throughout the district. And discharges supervisory functions.

Functions of District Public Health Nurse: The main tasks performed by the District Public Health Nurse are as follows-

1. It ensures implementation of better health services across the district.

2. She does the work of supervision and evaluation of the activities carried out by all the nursing personnel and health workers working across the district.

3. She provides guidance and directions as per requirement to all the nursing personnel and health workers working across the district.

4. He is the Chief Medical and Health Officer in various recruitment processes, promotions etc. related to nursing at the district level.Assists the officer.

5. She strives to maintain the level of nursing services and nursing education in the district.

6. She is responsible for implementing nursing related policies in the district.

7. She helps the departmental officers in preparing the budget related to nursing services and spending the sanctioned budget

within the stipulated time limit and under the budget heads.

8. It ensures effective operation of various national health programs and beneficial health schemes run by the government in the district.

9. She is associated with various nursing education institutions functioning across the district like G.N.M. Training Centre, A.N.M. The Training Center inspects the District Training Centers from time to time for their smooth operation and provides necessary guidelines to their in-charges.

10. It promotes research work related to nursing with the aim of gradually progressing the level of health services and bringing modernity in them.

11. She ensures adequate availability of equipment and materials needed to implement better nursing services throughout the district.

13. She coordinates with other related areas to make nursing services more quality.

14. He urges all the nursing workers and health workers working in the district to carry out their activities in a disciplined manner.

Inspires to do. If necessary, she takes disciplinary action against them for breaking discipline.

15. She inspires all the nursing staff and health workers working in the district to work with team spirit to ensure the implementation of better nursing services in the district.

**मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता "आशा" से क्या आशय है? आशा के प्रमुख कार्य क्या हैं?**

**What is the meaning of "ASHA"? What are the functions of ASHA?**

उत्तर- आशा (ASHA) भारत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ की जनसंख्या 1000 से अधिक होती है 'आशा' कर्मचारियों की नियुक्ति करती है। ये कार्यकर्ता आशा (Accredited Social Health Activists, ASHA) द्वारा मान्यता प्राप्त होती हैं। ये कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों की आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ और परामर्श प्रदान करती हैं। आशा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का एक महत्वपूर्ण अंग होती है।

आशा के कार्य (Functions of ASHA) - आशा के निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य होते हैं-

1. परिवार तथा समुदाय के लोगों को उपकेन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करने के बारे में जानकारी देना। 2. टीकाकरण, प्रसवपूर्व जाँच, प्रसवोत्तर जाँच, समन्वित बाल विकास योजना, सफाई तथा सरकार द्वारा प्रदान

की जा रही अन्य सेवाओं का लाभ उठाने में लोगों की सहायता प्रदान करना।

3. महिलाओं को प्रसव की तैयारी, स्तनपान और पूरक आहार, टीकाकरण, गर्भनिरोधन और सामान्य संक्रमणों की रोकथाम तथा छोटे बच्चों की देखभाल हेतु सलाह देना।

4. आवश्यकता होने पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को निकट के स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र पर भेजने की व्यवस्था करना।

5. बुखार, सर्दी, खाँसी, मामूली चोट आदि के लिए सुविधा केन्द्र पर भेजने की व्यवस्था करना।

6. लोगों को स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी देना, जैसे- व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण लेना, घर के आस-पास सफाई रखना, स्वच्छ पानी पीना, धूम्रपान न करना, मादक पदार्थों के सेवन से बचना, आदि।

7. Revised National Tuberculosis Control Programme (RNTCP) के अन्त्रगत सीधे देखरेख में दिए जाने वाले DOTS की औषधियाँ प्रदान करना।

8. प्रत्येक व्यक्ति को दी जाने वाली अनिवार्य सुविधाओं के लिए कार्य करना, जैसे ORS, आयरन, फॉलिक एसिड की गोलियाँ, Disposable Delivery Kit (DDK), गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम, आदि। इन सभी सामग्रियों के लिए आशा को एक किट प्रदान की जाती है।

9. सम्पूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तगत, घरों में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देना।

10. अपने गाँव में जन्म व मृत्यु एवं असामान्य समस्या की सूचना उपस्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को देना।

11. स्वास्थ्य समिति की बैठक में भाग लेना।

12. स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन करना।

13. परिवार के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

Answer- ASHA (ASHA) Government of India appoints 'ASHA' employees in rural areas, where the population is more than 1000. These workers are accredited by ASHA (Accredited Social Health Activists, ASHA). These workers provide essential health facilities and counseling to the people of their area. ASHA is an important part of the National Rural Health Mission.

Functions of ASHA – ASHA has the following important functions

1. To provide information to the family and community people about using the health services available in the sub-centre and

primary health centre. 2. Immunization, prenatal checkup, postnatal checkup, integrated child development plan, sanitation and hygiene are being provided by the government.

To provide assistance to people in availing other services.

3. To advise women on preparation for delivery, breastfeeding and complementary feeding, vaccination, contraception and prevention of common infections and care of young children.

4. To make arrangements to send pregnant women and children to the nearest health facility if necessary.

5. To make arrangements to send to the facility center for fever, cold, cough, minor injuries etc.

6. To give information to people about staying healthy, like personal hygiene, taking balanced nutrition, maintaining cleanliness around the house, drinking clean water, not smoking, avoiding drug abuse, etc.

7. To provide DOTS medicines given under direct supervision under the Revised National Tuberculosis Control Program

(RNTCP).

8. To work for essential facilities to be provided to every person, like ORS, Iron, Folic Acid tablets, Disposable Delivery Kit (DDK), Contraceptive pills, Condoms, etc. Asha is provided with a kit containing all these materials.

9. To promote construction of toilets in homes under the Total Sanitation Programme.

10. To give information about births, deaths and unusual problems in your village to the sub-health center and primary health center.

11. Attending the Health Committee meeting.

12. To organize the meeting of the Health Committee.

13. To provide health services to the family members.

**प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्स की क्या भूमिका है?**

**What is the role of nurse in primary health care?**

**उत्तर-** प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्स की भूमिका निम्न प्रकार होती है-

1. व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय के स्वास्थ्य स्तर का ऑकलन करना व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय के स्वास्थ्य का ऑकलन करना नर्स का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। नर्स सर्वे और गृह मुलाकात द्वारा परिवार तथा समुदाय के लोगों के सम्पर्क में आती है तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों तथा आवश्यकताओं का पता लगाकर उन्हें नर्सिंग देखभाल प्रदान करती है।

2. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना - नर्स समुदाय के लोगों की देखभाल प्रदान करने से पूर्व किए जाने वाले आँकलन तथा देखभाल के नियोजन, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन में अधिकाधिक रूप से सहभागी होने के लिए प्रेरित करती है।

3. अन्य विकास कार्यक्रमों से समन्वय रखना स्वास्थ्य के बहुआयामी होने के कारण इसमें संबंधित अन्य क्षेत्र भी स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। अतः बेहतर स्वास्थ्य स्तर को प्राप्त करने के लिए नर्स को अन्य स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र, जैसे- कृषि, शिक्षा, आवास, संचार, उद्योग, समाज, जलापूर्ति, यातायात, आदि के समुचित विकास हेतु प्रयासरत रहना चाहिए तथा इनके बीच समन्वय स्थापित रखने का प्रयास करना चाहिए।

4. आपातकालीन तथा सामान्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना नर्स समुदाय के लोगों को आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है व बीमारी गम्भीर होने पर वह मरीज की आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों के पास उचित उपचार के लिए रैफर करती है। वह सामान्य बीमारी होने पर देखभाल प्रदान करती है।

5. महामारी संबंधी निगरानी रखना नर्स अपने क्षेत्र में फैली महामारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा तथा उपचार भी प्रदान करती है।

6. स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण नर्स स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रभावी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के योग्य बनाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए भी जिम्मेदार होती है ताकि वे अधिक दक्षता एवं कुशलता के साथ समुदाय को देखभाल प्रदान कर सकें। इसके अतिरिक्त नर्स शासन द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का निरीक्षण भी करती है।

7. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति पर नजर रखना सामुदायिक नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति पर नजर रखती है तथा आवश्यकतानुसार इसके नियोजन एवं क्रियान्वयन में वांछित परिवर्तन कर इसे अधिक सफल तथा प्रभावी बनाने के लिए भी जिम्मेदार होती है।

Answer- The role of nurse in primary health care is as follows-

1. To assess the health level of the individual, family and community.Assessment is the most important function of the nurse. The nurse comes in contact with the family and community members through surveys and home visits and provides nursing care by ascertaining their health needs and requirements.

2. To encourage increased participation of people in primary health care - The nurse motivates the people of the community to participate more in the assessment done before providing care and in the planning, implementation and evaluation of care.

3. To maintain coordination with other development programs. Since health is multidimensional, other areas related to it also affect health. Therefore, to achieve better health level, the nurse should make efforts for the proper development of other health related areas, such as agriculture, education, housing, communication, industry, society, water supply, transportation, etc. and try to establish coordination between them. should do.

4. Providing emergency and general medical care: The nurse provides health care to the people of the community in emergency situations and in case of serious illness, she refers the patient to specialists for appropriate treatment as per the need. She provides care in case of common illness.

5. Keeping Epidemic Surveillance The nurse also provides necessary health care and treatment to prevent the spread of epidemics in her area.

6. Training of health workers Nurses are also responsible for providing necessary training to health workers to enable them to provide effective primary health care so that they can provide care to the community with greater efficiency and effectiveness. Apart from this, the nurse also supervises the health workers providing health services provided by the government.

7. Keeping an eye on the progress of primary health care: The community nurse keeps an eye on the progress of primary health care and is also responsible for making it more successful and effective by making desired changes in its planning and implementation as per the need.

**दाई के क्या कार्य होते हैं?**

## What are the functions of Midwife or Dai?

उत्तर- दाई (Midwife or Dai) दाई की ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, वह अपने गाँव के परिवार तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता के मध्य सम्पर्क बनाती है। अपने गाँव में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुधार की दिशा में वह निम्न कार्य करती है-

1. अपने क्षेत्र की प्रत्येक गर्भवती महिला से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित करती है कि उसका पंजीयन उपकेन्द्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ है या नहीं।

2. यदि कोई असामान्य गर्भ लगता है तो उसे तुरन्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) / ANM या स्वास्थ्य सहायक (महिला) से सम्पर्क कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाना।

3. उसे साप्ताहिक पूर्व प्रसव क्लीनिक में उपस्थित होकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सहायता करना।

4. प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को दो टेटनेस के टीके लगवाना।

5. यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक गर्भवती महिला निर्धारित मात्रा के अनुसार आयरन तथा फोलिक एसिड की गोलियां लेती है या नहीं।

6. यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना कि प्रत्येक गर्भवती महिला कम से कम तीन बार प्रसव पूर्व क्लीनिक जाए अर्थात गर्भ की पुष्टि के लिए कम से कम तीन बार क्लीनिक जाए; तीसरे माह में गर्भ की पुष्टि के लिए, सातवें माह तथा नवें माह में।

7. गर्भवती महिला तथा परिवार के सदस्यों को अस्पताल में प्रसव कराने के लिए तैयार करना चाहिए तथा उन्हें अस्पताल में प्रसव करवाने के लाभ के बारे में बताना चाहिए।

8. जब उसे प्रसव के लिए बुलाया जाए तो-

• अपने साथ प्रसव किट साथ ले जाना चाहिए।

• उसे सावधानीपूर्वक प्रसव की प्रगति पर नजर रखनी चाहिए।

• उसे बिना किसी अनावश्यक हस्तक्षेप के प्रसव को सामान्य रूप से चलने देना चाहिए।

9. अपने किट को ध्यान से रखना चाहिए, किट में हमेशा पूरा सामान होना चाहिए और सामान साफ-सुथरा होना चाहिए तथा प्रसव के लिए तैयार होना चाहिए।

10. माता तथा शिशु को आरामदायक स्थिति में रखना चाहिए तथा दोनों के पोषण की व्यवस्था करना चाहिए।

11. उसे माँ और परिजनों को समझाना चाहिए कि कब उसे तुरन्त बुलाना है।

12. प्रसवोत्तर अवधि में यदि उसे माँ में कोई जटिलताएं दिखाई देती हैं, जैसे, ज्वर या दुर्गंध स्राव या शिशु में नाभि संक्रमण तथा पीलिया हो तो उसे तुरन्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) / ANM को सूचना देनी चाहिए अथवा माँ और शिशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाना चाहिए।

13. अपने क्षेत्र के सभी बच्चों को BCG और DPT के टीके लगवाना तथा पोलियो के drops (बूंदें) देना।

14. अपने क्षेत्र के योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक उपाए अपनाने या नसबन्दी करवाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

15. उसे निरोध, फोम की गोलियां और जेली उन दंपतियों को वितरित करना चाहिए जिन्हें इन गर्भ निरोधकों की आवश्यकता है।

16. उसे अपने क्षेत्र में सब जन्म और मृत्यु, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) या स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)/ANM को रिपोर्ट करना चाहिए।

Answer- Midwife or Dai: Midwife has an important role in rural areas, she makes contact between the family and health workers of her village. She does the following work towards improving maternal and child health in her village:

1. She contacts every pregnant woman in her area and ensures whether she is registered in the sub-centre or primary health center or not.

2. If any abnormal pregnancy occurs then immediately consult the health worker (female) / ANM or health assistant (female). Contact and send to primary health centre.

3. To assist the health worker by attending her weekly antenatal clinic.

4. To give two tetanus vaccinations to every pregnant women.

5. To ensure that every pregnant woman takes iron and folic acid tablets as per the prescribed quantity or not.

6. To make efforts to ensure that every pregnant woman visits the antenatal clinic at least three times i.e. at least three visits to the clinic for confirmation of pregnancy; To confirm pregnancy in the third month, in the seventh month and in the ninth month.

7. Pregnant women and family members should be prepared for hospital delivery and they should be told about the benefits of

hospital delivery.

8. When he is called for delivery-

• Should carry delivery kit with you.

• She should carefully monitor the progress of labour.

• She should allow the delivery to proceed normally without any unnecessary intervention.

9. You should take care of your kit, the kit should always be fully stocked and the items should be clean and ready for delivery.

10. Mother and child should be kept in comfortable conditions and arrangements should be made for the nutrition of both.

11. He should explain to his mother and family when to call him immediately.

12. During the postpartum period, if she notices any complications in the mother, such as fever or foul-smelling discharge or umbilical cord infection and jaundice in the baby, she should immediately inform the health worker (female) / ANM or take primary health care to the mother and baby. Should be sent to the centre.

13. Get BCG and DPT vaccines and give polio drops to all the children in your area.

14. Eligible couples in their area should be motivated to adopt contraceptive measures or get sterilization done.

15. She should distribute contraceptives, foam pills and jellies to couples who need these contraceptives.

16. He should report all births and deaths in his area to the Health Worker (male) or Health Worker (female)/ANM.

**स्वास्थ्य सहायक (महिला) के कौन-कौन से कार्य होते हैं?**

**What are the functions of Health Assistant (Female)?**

उत्तर - स्वास्थ्य सहायक (महिला) के कर्त्तव्य (Health Assistant Female) बहुउद्देशीय कार्यकर्ता योजना के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य सहायक (महिला) के लिए 20,000 जनसंख्या निर्धारित की जाती है। इसके लिए चार उपकेन्द्र होते हैं। प्रत्येक उपकेन्द्र में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) रहती है।

1. पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन। स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के ज्ञान और कौशल को दृढ़ करना। प्रत्येक उपकेन्द्र पर सप्ताह में कम से कम एक बार

निर्धारित दिन जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (महिला) के दिन-प्रतिदिन के कार्यों का अवलोकन और मार्गदर्शन करना।

2. सामूहिक कार्य स्वास्थ्य दल के अंग के रूप में कार्य करने में स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता की मदद करना। स्वास्थ्य समन्वित कर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की नियमित बैठकें आयोजित करना। अन्य विभागों और एजेंसियों के कार्यकर्ताओं के कार्यों के साथअपने क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यों को समन्वित करना और खण्ड स्तर पर बैठकों में भाग लेना।

3. सामग्री, उपकरण और उपकेन्द्र का रख-रखाव स्वास्थ्य सहायक (पुरुष) के सहयोग से उपकेन्द्र पर उपलब्ध सामग्री की नियमित अन्तराल से जाँच करना और सामग्री और उपकरण प्राप्त करने में सहायता करना। उपकेन्द्र में स्वच्छता का ध्यान रखना।

4. रिकार्ड और रिपोर्ट स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) द्वारा लिखे गए रिकार्ड की जाँच करना और उन्हें सही ढंग से लिखने में मार्गदर्शन देना। स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) से प्राप्त रिपोटों की समीक्षा करना और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सा अधिकारी को नियतकालिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

5. प्रशिक्षण - स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) की सहायता से दाइयों के प्रशिक्षण को संगठित और संचालित करना।

6. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) की सहायता से प्रत्येक उपकेन्द्र पर साप्ताहिक MCH क्लीनिक संचालित करना। स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) और प्रशिक्षित दाईयों के तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) के बुलाने पर पहुँचना और आवश्यक सहायता पहुँचाना।

7. परिवार कल्याण और गर्भ का चिकित्सीय समापन स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सहायता से उपकेन्द्र पर साप्ताहिक परिवार कल्याण क्लीनिक संचालित करना। ऐसे योग्य दम्पत्ति तथा जिनके दो बच्चे हैं उनको परिवार नियोजन के लिए प्रेरित करना।

8. पोषण - शिशुओं और छोटे बच्चों (पाँच वर्ष तक) में कुपोषण के मामले पहचानना, आवश्यक उपचार और परामर्श देना और गम्भीर मामलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को पहुँचाना।

9. प्राथमिक चिकित्सा सुविधा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए रोगियों को देखना और उसकी क्षमता के बाहर वाले रोगियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या नजदीक के अस्पताल भेजना। छोटे रोगों का उपचार करना, दुर्घटनाओं और आकस्मिक बीमारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या नजदीक के अस्पताल भेजना।

10. स्वास्थ्य शिक्षा - स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) की सहायता से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, पोषण और प्रतिरक्षण के लिए शैक्षणिक कार्य करना।

Answer - Duties of Health Assistant (Female) Under the Multipurpose Worker Scheme, 20,000 population is fixed for one Health Assistant (Female). There are four sub-centres for this. There is one health worker (female) in each sub-centre.

1. Supervision and Guidance Supervision and guidance of the health worker (female) in the delivery of health services to the community. To strengthen the knowledge and skills of health

workers (women). Visiting each sub-centre at least once a week on a fixed day to observe and guide the day-to-day work of the health workers (women).

2. To help the health worker to work as a part of the collective health team. To coordinate health and organize regular meetings of health workers. With the work of workers from other departments and agencies. To coordinate health work in their area and participate in meetings at the block level.

3. Materials, equipment and maintenance of the sub-centre are available at the sub-centre with the help of health assistant (male).

Checking materials at regular intervals and assisting in obtaining materials and equipment. Take care of cleanliness in the sub-centre.

4. Records and Reports To check the records written by the health worker (female) and guide them in writing them correctly. Reviewing the reports received from the Health Worker (Women) and submitting periodic reports to the Primary Health Center Medical Officer.

5. Training – To organize and conduct training of midwives with the help of health worker (female).

6. To conduct weekly MCH clinics at each sub-centre with the help of maternal and child health health worker (female). Reaching health workers (female) and trained midwives and health workers (male) when called and providing necessary assistance.

7. Family welfare and medical termination of pregnancy: To conduct weekly family welfare clinic at the sub-centre with the help of health worker. To motivate such eligible couples and those who have two children for family planning.

8. Nutrition - Identifying cases of malnutrition in infants and young children (up to five years), providing necessary treatment and counseling and referring serious cases to primary health centres.

9. The primary health facility attends to the patients referred by the health workers and sends the patients beyond its capacity to the primary health center or the nearest hospital. Treating minor diseases and sending patients to primary health centers or nearby hospitals in case of accidents and sudden illnesses.

10. Health Education - To do educational work for maternal and child health, family planning, nutrition and immunization with the

help of health workers (women).

**स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के कौन-कौन से कार्य होते हैं?**

## What are the functions of Health Worker (Female)?

उत्तर- स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) बहुउद्देशीय कार्यकर्ता योजना के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) 5000 जनसंख्या के लिए कार्य करती है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के निम्नलिखित कर्तव्य हैं-

1. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य

• गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर सम्पूर्ण गर्भावस्था में देखरेख करना।

• एल्बुमिन और शक्कर के लिए गर्भवती महिलाओं के मूत्र की जाँच करना और घर में मुलाकात के समय और क्लीनिक में हीमोग्लोबिन स्तर का ऑकलन करना।

• दाइयों द्वारा संचालित प्रसवों का पर्यवेक्षण करना तथा उनकी सहायता करना।

• कठिन प्रसव और असामान्यताओं वाले नवजात शिशुओं को उपयुक्त अस्पताल भेजना और उन्हें संस्थागत देखरेख पाने में सहायता देना।

• प्रत्येक संचालित प्रसव के बाद कम से कम तीन प्रसवोत्तर भेंट के लिए जाना और मां की देखरेख एवं नवजात की देखरेख और दूध पिलाने संबंधी सलाह देना।

• मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, पोषण, प्रतिरक्षा, संक्रामक रोगों के नियंत्रण, व्यक्तिगत और वातावरणीय स्वच्छता तथा सामान्य रोगों की देखभाल सहित बेहतर पारिवारिक स्वास्थ्य के लिए माताओं को अलग-अलग और समूह में शिक्षा देना।

2. परिवार नियोजन-

• दम्पतियों को परिवार नियोजन का संदेश पहुँचाना और उन्हें अलग-अलग और समूह में परिवार नियोजन के लिए प्रेरित करना।

• महिला परिवार नियोजन अपनाने वालों को अनुवर्ती सेवाएं प्रदान करवाना।

• गृहणियों, ग्राम नेताओं, दाइयों और अन्य लोगों से घनिष्टता स्थापित करना और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ाने में उनका सहयोग लेना।

3. गर्भ का चिकित्सीय समापन -

• गर्भ के चिकित्सीय समापन की आवश्यकता वाली महिलाओं की पहचान करना और उन्हें नजदीक की अनुमोदित संस्था में भेजना। गर्भ के चिकित्सीय समापन की सेवाओं की उपलब्धता के बारे में समुदाय को शिक्षित करना।

4. पोषण -

• शिशुओं ओर छोटे बच्चों में कुपोषण वाले बच्चों की पहचान करना। उपचार तथा उचित सलाह देना और गम्भीर रोगियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजना।

• आयरन और फॉलिक एसिड की गोलियों को निर्धारित मात्रा में गर्भवती और दुग्धपान करवाने वाली महिलाओं, शिशुओं तथा पांच वर्ष तक के बच्चों तथा परिवार नियोजन को अपनाने वाली गृहणियों में वितरित करना।

• विटामिन ए घोल की निर्धारित मात्रा पांच वर्ष तक के आयु के बालकों को पिलाना।

5. संक्रामक रोग -

• गृह मुलाकात के समय उसकी जानकारी में आने वाले संक्रामक रोग की पहचान करना, जैसे हैजा, प्लेग, पोलियो, लम्बी खाँसी, धूक में रक्त आना आदि। इनके बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) को सूचना देना।

6. प्रशिक्षण

• गर्भवती महिलाओं को टिटनेस टाक्साइड से प्रतिरक्षित करना।

• सब नवजात शिशुओं को BCG टीका लगाना, 0 से 1 वर्ष के सब शिशुओं को यदि जन्म के समय टीके न लगे हों तो DPT टीका और पोलियो की बूंदें देना।

7. दाई प्रशिक्षण -

• गहन और विरल क्षेत्रों में दाईयों की सूची बनाना और उन्हें परिवार कल्याण के समर्थन में शामिल करना।

• दाईयों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य सहायक (महिला) की सहायता करना।

8. जन्म-मरण की घटनाएँ -

• जन्म-मृत्यु की घटनाएँ, जन्म-मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करना एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) को इसकी रिपोर्ट करना।

9. रिकार्ड रखना -

• तीन माह से अधिक गर्भ वाली महिला, शिशु, 1 वर्ष की आयु तक का रिकॉर्ड रखना।

• पूर्व प्रसव ओर मातृत्व रिकार्ड तथा शिशु देखभाल रिकार्ड रखना।

• योग्य दम्पत्ति रजिस्टर बनाने और उसे अद्यतन (up-to-date) बनाए रखने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) को सहयोग देना।

10. प्राथमिक चिकित्सा सुविधा -

• सामान्य रोग का उपचार करना, दुर्घटनाओं और आकस्मिक बीमारी में प्राथमिक सहायता देना और उसकी क्षमता के बाहर वाले रोगियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या समीप के अस्पताल में भेजना।

11. दल के कार्य -

• स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) और स्वास्थ्य मार्गदर्शक और दाई सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय करना।

• स्वास्थ्य सहायक (महिला) से प्रति सप्ताह मिलना तथा आवश्यकता पड़ने पर उनसे सलाह तथा मार्गदर्शन प्राप्त करना।

Answer- Under the Health Worker (Female) Multipurpose Worker Scheme, one health worker (female) works for 5000 population. The following are the duties of a health worker (female):

1. Maternal and child health

• Registering pregnant women and providing care throughout their pregnancy.

• Screening the urine of pregnant women for albumin and sugar and assessing hemoglobin levels at home visits and in the clinic.

• Supervising and assisting deliveries conducted by midwives.

• Referral of newborns with difficult delivery and abnormalities to appropriate hospitals and help them receive institutional care.

• Attend at least three postnatal visits after each induced delivery and provide advice on maternal care and newborn care and feeding.

• To provide individual and group education to mothers for better family health including maternal and child health, family planning, nutrition, immunity, control of infectious diseases, personal and environmental hygiene and care of common diseases.

2. Family Planning-

• To convey the message of family planning to the couples and motivate them for family planning individually and in groups.

• Providing follow-up services to women who adopt family planning.

• To establish rapport with housewives, village leaders, midwives and others and seek their cooperation in expanding family welfare programmes.

3. Medical termination of pregnancy -

• Identifying women requiring medical termination of pregnancy and referring them to the nearest approved institution. To educate the community about the availability of medical termination of pregnancy services.

4. Nutrition -

• To identify children suffering from malnutrition in infants and young children. Providing treatment and appropriate advice and sending serious patients to primary health centres.

• To distribute iron and folic acid tablets in prescribed quantities to pregnant and lactating women, infants and children up to five years of age and housewives adopting family planning.

• Giving prescribed quantity of Vitamin A solution to children up to five years of age.

5. Infectious diseases -

• To identify infectious diseases that come to his/her knowledge during home visit, such as cholera, plague, polio, chronic cough, blood in sputum etc. Informing the health worker (male) about these.

6. Training

• Immunizing pregnant women with tetanus toxoid.

• Administering BCG vaccine to all newborns, giving DPT vaccine and polio drops to all infants aged 0 to 1 year if they are not vaccinated at birth.

7. Midwife Training –

• Enlisting midwives in intensive and underserved areas and

involving them in supporting family welfare.

• To assist health assistants (female) in the midwives training programme.

8. Events of birth and death -

• Registering the events of birth and death in the birth and death register and reporting it to the health worker (male).

9. Record keeping –

• To maintain records of women more than three months pregnant, infants up to 1 year of age.

• Maintaining antenatal and maternity records and child care records.

• To assist the health worker (male) in maintaining the eligible couple register and maintaining it up-to-date.

10. First aid facility -

• Treating common diseases, providing first aid in accidents and sudden illnesses and sending patients beyond his capacity to the primary health center or nearby hospital.

11. Tasks of the team -

• To coordinate with health workers (men) and other workers

including health guides and midwives.

• Meeting the health assistant (female) every week and getting advice and guidance from her when needed.

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आप क्या समझते हैं? आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विभिन्न कार्य अथवा उत्तरदायित्व समझाइए।**

**What do you understand with Anganwadi Worker? Explain different responsibilities or functions of Anganwadi Worker.**

उत्तर- आँगनबाड़ी कार्यकर्ता (Anganwadi Worker) समेकित बाल विकास योजना के अंतर्गत 1000 की जनसंख्या पर एक आँगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम में स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण, अतिरिक्त पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा व रैफरल सेवाएं प्रदान करती है। योजना के अन्तर्गत प्रजनन वर्ग की महिलाएं (18-45 वर्ष), स्तनपान करा रही माँ व 5 साल से छोटे बच्चों को सेवाएं प्रदान करती है।

आँगबनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य गाइड की तरह ही कार्य करती है, उसे 4 माह के प्रशिक्षण के बाद रखा जाता है तथा उसे 1500 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, केन्द्र सरकार इनका मानदेय बढ़ाने के बारे में विचार कर रही है और एक चलती-फिरती आँगनबाड़ी शुरू करने जा रही है।

आँगनबाड़ी कार्यकर्ता के उत्तरदायित्व अथवा कार्य निम्न हैं-

1. पूरक आहार

• गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं, 0 से 7 वर्ष तक के बालकों, किशोर व किशोरियों को पूरक आहार देना।

• सप्ताह के भोजन की सूची बनाना तथा उचित आहार प्रदान करना।

• कुपोषित बच्चों के आहार का उचित ध्यान रखना।

• पूरक आहार के बारे में लोगों को बताना।

• कुपोषण वाले बच्चों को CHC/PHC में रैफर करना।

2. टीकाकरण (Immunization) -

• राष्ट्रीय टीकाकरण की जानकारी रखना तथा लोगों को बताना।

• 0-5 आयु के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हेतु पंजीयन करना।

3. वृद्धि निगरानी (Growth Monitoring) -

• बच्चों की सही जन्म तिथि तथा वजन लिखना।

• वृद्धि रेखा से बच्चों की वृद्धि नापना।

• कुपोषित बच्चों का पता लगाना।

• बच्चों की वृद्धि के बारे में माता-पिता को सही जानकारी देकर परामर्श करना।

4. स्वास्थ्य सेवाएँ (Health Services)

• माता एवं शिशु का पोषण, टीकाकरण, आयरन, फॉलिक एसिड की गोलियों का वितरण, स्वास्थ्य संबंधी जाँच,

• स्तनपान कराने वाली माताओं को शिक्षा देना।

• बीमार तथा कुपोषित बच्चों को समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला अस्पताल में ले जाने की व्यवस्था करना।

5. रैफरल सेवाएँ (Referral Systems)

• प्रसूति, उल्टी, दस्त से पीड़ित बच्चे, बुखार तथा अन्य गम्भीर बीमारियों के रोगियों को PHC/CHC या जिला अस्पताल के लिए रैफर करना।

• रोगियों को भेजने की व्यवस्था करना और हो सके तो उनके साथ जाना।

6. समुदाय में संबंध (Relation in Community) -

• अपने क्षेत्र का सर्वे करना और परिवारों का ब्यौरा रजिस्टर में लिखना।

• गृह मुलाकात करना, 0-6 वर्ष के बालक-बालिकाओं, गर्भवती स्त्रियों, स्तनपान करा रही माताओं का विशेष ध्यान रखना, गृह भेंट के दौरान स्वच्छता व साफ सफाई के बारे में बताना।

• समुदाय के लोगों से मेल-मिलाप रखना और उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना।

7. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोग्राम व अन्य प्रोग्राम में सहयोग देना

• राष्ट्रीय ग्रामीण मिलन के तहत सभी स्वास्थ्य प्रोग्राम में सहयोग करना।

• समाज में फैली कुप्रथा, जैसे बाल-विवाह की रोक में सहायता करना।

• स्वयंसेवी संगठन व समूह बनाना और उनकी मदद करना।

8. आँगनबाड़ी सेन्टर की व्यवस्था

• आँगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाना।

• केन्द्र के सभी रिपोर्ट/रिकार्ड तैयार रखना।

• केन्द्र की जानकारी समय-समय पर अधिकारियों को भेजना।

• अधिकारियों व सुपरवाइजरों के आदेशों का पालन करना।

• आँगनबाड़ी कार्यकर्ता की प्रमुख भूमिका प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य व टीकाकरण तथा परिवार नियोजन में सहयोग देना होता है।

Answer- Anganwadi Worker (Anganwadi Worker) Under the Integrated Child Development Scheme, one Anganwadi worker for a population of 1000 provides health check-up, vaccination, additional nutrition, health, education and referral services in the village. Under the scheme, services are provided to women of reproductive age group (18-45 years), lactating mothers and children below 5 years.

Anganwadi worker works like a rural health guide, she is hired after 4 months of training and is given an honorarium of Rs 1500 per month, the central government is considering increasing their honorarium and a mobile Anganwadi. Going to start.

Following are the responsibilities or tasks of Anganwadi worker:

1. Supplements

• Providing supplementary food to pregnant and lactating mothers, children between 0 to 7 years, adolescents and young girls.

• Making a list of food for the week and providing proper diet.

• Take proper care of the diet of malnourished children.

• To tell people about dietary supplements.

• Referral of children suffering from malnutrition to CHC/PHC.

2. Immunization -

• Keeping information about national vaccination and informing people.

• To register children aged 0-5 and pregnant women for vaccination.

3. Growth Monitoring (Growth Monitoring) -

• Writing the correct date of birth and weight of children.

• Measuring the growth of children using the growth line.

• Detection of malnourished children.

• Counseling the parents by giving them correct information about the growth of children.

4. Health Services

• Mother and child nutrition, vaccination, distribution of iron, folic acid tablets, health check-up,

• To provide education to lactating mothers.

• Making arrangements to take sick and malnourished children to

primary health center and district hospital in time.

5. Referral Services (Referral Systems)

• Referral of children suffering from labour, vomiting, diarrhoea, fever and other serious diseases to PHC/CHC or district hospital.

• Making arrangements for sending patients and if possible accompanying them.

6. Relation in Community -

• Survey your area and write the details of the families in the register.

• Conducting home visits, taking special care of children aged 0-6 years, pregnant women, lactating mothers, telling about cleanliness and hygiene during home visits.

• To interact with the people of the community and make them health conscious from time to time.

7. To cooperate in National Health Program and other programs

• To cooperate in all health programs under National Rural Health Mission.

• Helping in stopping the evil practices prevalent in the society, such as child marriage.

• Creating and helping voluntary organizations and groups.

8. Arrangement of Anganwadi center

• To run the system of Anganwadi center smoothly.

• Keeping all reports/records of the center ready.

• Sending information about the center to the authorities from time to time.

• To follow the orders of officers and supervisors.

• The main role of Anganwadi worker is to provide support in reproductive and child health, vaccination and family planning.

**सामुदायिक नर्स के क्या-क्या गुण होते हैं?**

**What are the qualities of community nurse?**

उत्तर- नर्स के गुण (Qualities of Nurse) – नर्स के मुख्य गुण निम्नलिखित हैं-

1. ईमानदारी और निष्ठा।

2. अनुशासन एवं आज्ञापालन।

3. सतर्कता एवं बुद्धिमत्तापूर्ण निरीक्षण।

4. तकनीकी योग्यता।

5. विश्वसनीय एवं समन्वयशीलता।

6. विश्वास प्रेरित करने की योग्यता।

7. अपने साथियों के प्रति स्नेह।

8. युक्तिपूर्णता समय, सामग्री एवं ऊर्जा की मितव्ययिता।

9. शालीनता एवं गरिमा।

10. सहानुभूति, संवेदना, व्यवहार कुशलता एवं संतुलन।

11. बुद्धिमत्ता एवं व्यावहारिक ज्ञान।

12. धैर्य एवं विनोद-प्रियता।

13. अच्छा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य।

14. उदारता।

Answer- Qualities of Nurse – Following are the main qualities of a nurse-

1. Honesty and integrity.

2. Discipline and obedience.

3. Vigilant and intelligent observation.

4. Technical Qualification.

5. Reliability and coordination.

6. Ability to inspire confidence.

7. Affection towards one's companions.

8. Rationality, economy of time, material and energy.

9. Decency and dignity.

10. Empathy, sensitivity, tact and balance.
11. Intelligence and practical knowledge.
12. Patience and love of humor.
13. Good mental and physical health.
14. Generosity.